Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 16-12-2021 | अंक 86

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com










# पिकनीक के लिए प्राकृतिक के गोद मे बसा सुन्दर व मनोरम स्थान है सुर्यकुंड

## देश का सबसे गर्म कुंड है सुर्यकुंड : सुनील कुमार





प्राचीन मंदिर



सर्वाधिक पांच गर्मजल कुण्ड है मौजूद

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**




जीटी रोड से महज एक किमी की दुरी

बरकट्ठा पहाडियो की तलहटी मे बसा सुरजकुण्ड किसी परिचय का मोहताज नही है। जीटी रोड फोरलेन से महज एक किमी दूर इस परिसर की नित नए पर्यटनीय निर्माण ने सोने पर सुहागा हो गया है। झारखंड ही नहीं बल्कि पुरे देश भर मे इसके गर्म जल कुण्ड की चर्चा है वैज्ञानिको द्वारा इसके गरम जल की त्रीव्रता 88% ड्रीग्री फारनहाईट मापी गयी है ।वही पास के सुरजकुण्ड पहाडी पर कलकल करती पहाडी नदी के निर्मल धारा के पास नववर्ष आगमन पर बड़ी संख्या में सैलानी पिकनीक मनाने जुट्ते है । परिसर मे सुर्यकुण्ड, राम, कुण्ड, सीता कुण्ड, लक्ष्मण कुण्ड, भरत कुण्ड, विष्णु कुण्ड के गर्म जलकुण्ड इन कुण्डो के नामकरण विचारो के आधार पर है जो काफी तथ्यपरक है ।वही परिसर मे सप्त अश्व सवार भगवान सुर्य प्राचीन विश्णु मंदिर काली मंदिर चामुण्डा मंदिर शिव मदिर हनुमान मंदिर आदि मंदिरो का जाल है । कुण्डो मे प्रतिदिन सैकडो की संख्या मे श्रद्धालु स्नानादि के लिए आते है । मकर संक्रात्री के अवसर पर 14 जनवरी को हजारों की संख्या में श्रद्धालुओ का जमावडा होगा साथ ही लगभग एक माह तक मेला का आयोजन किया जाता है जिसमे दर्जनो खेल तमाशे सर्कस थियेटर झुला व मिठाईयो की सैकडो दुकाने सजती है वर्ष 2021 में कोरोना के कारण मेला का आयोजन नही हुआ था वही इस बार मेला का आयोजन होगा या नही आधिकारिक रूप से घोषित नही किया गया है वही पर्यटकों व पिकनिक करने वालो के लिए डाक बंगला का रंग रोगन एक नया नव निर्मित रेस्ट हाउस व 3 किमी पीडब्लूडी सड़क का निर्माण पूर्ण हो गया है स्थानीय युवकों द्वारा सफाई का विशेष ध्यान दिया जा रहे है परिसर में लगभग 5 करोड़ की लागत से सूर्यकुंड परिसर में पर्यटनीय विकास का कार्य हुआ है जिसमे रे. स्टुरेंट निर्माण ,स्ट्रीम बाथ व स्विमिंग पूल, कियोस्क,सुरक्षा के लिए पिकेट निर्माण समेत अन्य कार्य जो किसी परिकल्पना से कम नही है पूरे मेला परिसर का समतलीकरण मुखिया मद से गया है । बच्चो के लिए झूला व अन्य खेलने के लिए चिल्ड्रेन पार्क का निर्माण जारी है नव. निर्मित दो बड़े कुंडों में गर्म पानी से स्नान किया जा सकता है । कैसे पहुचे –बरही से 28 किमी किसी भी टु व्हीलर भाडे की सवारी गाडी या प्राईवेट वाहन से जीटी रोट फोरलेन से बरकट्ठा होते हुए सुरजकूण्ड परिसर पहुचा जा सकता है सडक पर ही सुरजकुण्ड का भव्य गेट अवस्थित है ।इसी तरह बगोदर से 20 किमी पश्चिम सुरजकुण्ड पहुचा जा सकता है ।खाने व पिकनीक उपयोगी सभी चीजे बरकट्ठा बाजार मे आसानी से उपलब्ध है ।

APEM LIVE

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

## आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मलकोको में लगा शिविर

## विभिन्न विभाग के स्टॉल से लाभुक हुए लाभान्वित

**अपेम लाइव : बरही**

बरही प्रखंड अंतर्गत मलकोक़ पंचायत भवन में आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता बीसीओ संजय कुमार यादव व संचालन प्रखंड कांग्रेस कार्यालय प्रभारी नरेश सिंह ने की। बतौर मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि बरही विधानसभा सह कांग्रेस जिला महासचिव विनोद कुमार यादव , कांग्रेस जिला महासचिव अब्दुल मन्नान वारसी, जीप प्रतिनिधि मो कयूम, मुखिया बसंती देवी, विधायक प्रतिनिधि अल्पसंख्यक कल्याण मोहम्मद वारिस, विधायक प्रतिनिधि स्वास्थ्य विभाग मोहम्मद रुस्तम ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर कार्यक्रम का उदघाटन किया गया। सभी अतिथियों को आ. जीविका महिला मंडल की दीदियों के द्वारा स्वागत किया गया। यह कार्यक्रम झारखण्ड सरकार के दो वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य पर आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों का स्टॉल लगाया गया। जिसमें जनता का समस्या का समाधान किया गया। मौके पर शिक्षा, स्वास्थ्य, पीडीएस, सामाजिक सुरक्षा पेशन, मत्स्य विभाग, कृषि एवं श्रम विभाग का स्टॉल लगाया गया। नए राशन कार्ड लभुको का आवेदन लिया गया। शिविर में लगे विभिन्न विभागीय स्टालों में सरकार द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई एवं योग्य लाभुकों से योजना संबंधी आवेदन प्राप्त करते हुए उनका त्वरित निष्पादन किया गया। साथ ही आमजनों की समस्याओं व शिकायतों का निराकरण भी किया गया। इस शिविर में स्थानीय जनमानस से योग्य लाभूक के आधार पर राशनकार्ड, जॉब कार्ड, पेंशन, विभिन्न प्रमाण–पत्रों, मनरेगा, केसीसी, श्रम निबंधन, विद्युत, 15 वें वित्त, स्कॉलरशिप, दाखिल–खारिज, वनाधिकार सहित अन्यान्य आवेदन प्राप्त कर त्वरित निष्पादन किए गए। साथ ही इन शिविरों में पहुंचने वाले स्थानीय ग्रामीणों को सरकार द्वारा संचालित जनोपयोगी एवं रोजगारोन्मुखी योजनाओं की विस्तृत जानकारी पोस्टर, पम्फलेट, बैनर व ऑडियो–विडियो के माध्यम से जानकारी दी गई। इस शिविर में अरविंद कुमार, सुरेश यादव, सुलेमान अंसारी, विजय यादव, प्रकाश यादव ,कुर्बान अंसारी मो. हम्मद मुस्तकीम , प्रयाग प्रसाद ,दिनेश यादव ,सूरज दास, पप्पू खान, अशोक ठाकुर, सीताराम यादव सहित महिला मंडल के सदस्यगण मौजूद थे।



कार्यक्रम का उद्घाटन करते जन प्रतिनिधि

## आरएसएस ने मनाया प्रहार दिवस, 3 स्वयंसेवको ने लगाए एक हज़ार से अधिक प्रहार

## 1971 के ऐतिहासिक विजय को आरएसएस प्रहार दिवस के रूप में मनाता है : त्रिवेणी साहू

**अपेम लाइव : बरही**

भारतीय सेना के 1971 में हुए ऐतिहासिक जीत के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की बरही शिवाजी प्रभात शाखा के सभी स्वयंसेवक बंधुओं ने प्रहार दिवस के रूप में विजय दिवस मनाया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के उत्तरपूर्व सह सेवा प्रमुख त्रिवेणी साव जी ने कहा कि सन 1971 का भारत पाकिस्तान युद्ध दोनों देशों के बीच तीसरा युद्ध था। पहले के दोनों युद्धों में पाकिस्तान को मात खानी पड़ी थी।और इस तीसरे युद्ध में भी ऐतिहासिक पराजय हुआ।जहाँ पाकिस्तान दो देशों में बँट गया वही 93 हज़ार सशस्त्र सेना ने भारतीय सेना के समक्ष प्राणों का दान माँगते हुए सशस्त्र आत्मसमर्पण कर दिया। 16 दिसम्बर 1971 को जब पाकिस्तान के लेफ़्टिनेण्ट जेनरल नियाज़ी ने भारतीय सेना के लेफ़्टिनेण्ट जेनरल जगजीत सिंह अरोड़ा के सामने आकार आत्मसमर्पण के पत्र पर हस्ताक्षर किया तो यह युद्ध न सिर्फ़ भारतीय इतिहास का बल्कि दुनिया के सैनिक इतिहास का एक यादगार युद्ध माना गया।इस दौरान कई भारतीय सैनिक वीरगति को प्राप्त हुए थ.े।उन्ही हुतात्माओं के सम्मान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ 16 दि. सम्बर को विजय दिवस के दिन प्रहार दिवस के रूप में मनाता है। प्रहार दिवस बरही प्रखण्ड के 6 मंडलों में मनाया गया।एक हजार से अधिक प्रहार करने वालों में राजेश केशरी, नंद किशोर कुमार, भानु प्रताप जी का नाम रहा कुल 7091प्रहार किए गए।इस प्रहार दिवस के मौक़े पर त्रिवेणी साहू, अभय कटियार, राम पदारथ शर्मा, डo कृष्णा केसरी, राजेश केसरी, नंद किशोर कुमार, गुरुदेव गुप्ता, भानु प्रताप, कैलाश जी, सुभाष जी, नितेश जी, महावीर यादव, लोकेश कुमार, गोविंद राम, सुधीर चंद्र, संतोष कुमार गुप्ता, चंदन कुमार उपस्थित थे।


प्रहार दंड लगाते स्वयंसेवक

आज का पं्चाड्.ग----

आज का अंग्रेजी दिनांक :---17.12.2021
शुभसंवत् :---2078(आनंद)
शके :---1943
याम्यायन याम्यगोलः
ऋतु :---हेमन्त
माह :---मार्गशीर्ष
पक्ष :---शुक्ल पक्ष
तिथि :---चतुर्दशी तिथि
दिन :---शुक्रवार
नक्षत्र :---कृतिका नक्षत्र दिन 11:03 तक उपरांत रोहिणी नक्षत्र
योग :---सिद्ध
करण :---गर
सूर्योदय :---प्रातः 06:47
सूर्यास्त : संध्या 05:13
सूर्य :---वृश्चिक राशि में
चंद्रमा :---वृष राशि में
आज का राहूकाल दिन :---10:30 बजे से दिन :---12:00 बजे तक
अभिजीत मुहूर्त :---दोपहर 11:36 से 12:24 तक

(नोट :---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है)

आज का पर्व त्यौहार, मुहूर्त व खास :---आज भोलेनाथ को दुग्धाभिषेक करने से भौतिक सुखों में वृद्धि होता है।


संदीप शर्मा

आलेख---
संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660

9122222016 बिरेन्द्र कुमार
महालक्ष्मी फर्नीचर
जो सजाए आपके सपनों का घर...
डबल बेड, सिंगल बेड, दीवान, सोफा, कुर्सी, ड्रेसिंग, डाइनिंग टेबल इत्यादि।
सस्ता एवं फैन्सी फर्नीचर का बेहतरीन कलेक्शन


ATM
ग्राहक सेवा केन्द्र
स्टूडियो एवं फोटोकॉपी

APEM LIVE

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉo अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

## विजैया बैंक मोड़ के पास खुला माँ नर्सिंग होम,जनप्रतिनिधियों ने किया उद्घाटन

**अपेम लाइव : बरही**



नर्सिंग होम का उद्घाटन करते जनप्रतिनिधि

बरही प्रखंड अंतर्गत विजैया बैंक मोड़ के पास माँ नर्सिंग होम खुला। इस नर्सिंग होम का विधिवत उदघाटन जीप प्रतिनिधि मो कयूम, मुखिया दसरथ यादव, मंडल अध्यक्ष बंधन यादव एवं नर्सिंग होम के संचालक मो मंसूर ने फीता काट्कर किया। इस अवसर पर जीप प्रतिनिधि मो कयूम ने कहा कि सुदूरवर्ती इलाके में इस तरह के नर्सिंग होम खुल जाने से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को काफी सहुलियत होगी। संचालक मो मंसूर ने बताया कि उनके नर्सिंग होम में डॉ एमएच रहमान, डॉ किशोर, डॉ विद्या जी सेवाएं देंगे। यहां सभी तरह के ऑपरेशन किए जाएंगे। पथरी, हर्निया एव सिजेरियन प्रसव की भी व्यवस्था किया गया है।। मौके पर बंधन यादव, पप्पू खान, मो हासिम, सुरेश कुशवाहा यदि लोग मौजूद थे।

## आर.के. मेडिसिन के निदेशक आर.के रजक के द्वारा निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन

**अपेम लाइव : हजारीबाग**




शिविर मे शामिल चिकित्सक एवं ग्रामीण

आर.के. मेडिसिन (अ कॉमपेनियन) के द्वारा रविवार को जिला हजारीबाग के खुटरा-1 ग्राम में निरूशुल्क जांच सिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों के सामान्य स्वास्थ्य की निरूशुल्क जांच की गई जैसे ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, ऑक्स. ीजन लेवल आदि की जांच की गई । साथ ही उन्हें प्राकृतिक रूप से अपने स्वास्थ्य को कैसे नियंत्रण में रखा जाए उसकी जानकारी दी गई। सीविर का आयोजन आर.के. रजक के अंतर्गत की गई। मौके पर मेंबर दानिस, गौरव, अंजली और संगम मौजुद रहे। हजारीबाग जिला के विभिन्न गांव में आर.के. रजक के द्वारा निरूशुल्क जांच शिविर लगातार लगाया जा रहा है और को. विड के नए वेरिएंट से बचने के लिए उपाय भी बताया जा रहा है। मौके पर इन्हा. ेंने वर्तमान स्थिति को देखते हुए लगभग 100 लोगों को मास्क का भी वितरण किया। जिससे कि सभी ग्राम के ग्रामीणों में अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा सके और लोग शीघ्र ही स्वास्थ्य लाभ के लिए जानकारी भी रख सकें।

## बेलादोहर में विधायक ने किया पैक्स का उद्घाटन

**अपेम लाइव : बरही**



पैक्स का उद्घाटन करते विधायक व अन्य

बरही प्रखंड अंतर्गत मल. कोको पंचायत के बेलादोहर में बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने धान क्रय केंद्र का उद्घाटन बुधवार को फीता काट्कर किया। साथ ही उन्होंने कहा कि धान क्रय केंद्र खुलने से किसानों में खुशी है। क्रय केंद्र में धान देने से सरकार का निर्धारित मूल्य मिलेगा और किसानों का अधिक मुनाफा होगा। इस केंद्र में किसानों द्वारा धान देने से बिचौलियों के हाथों ओने पोने कीमतों में नहीं बेचना पड़ेगा। मौके पर उपस्थित पैक्स अध्यक्ष लक्ष्मण कुमार, बरही विधानसभा विधायक प्रति. निधि विनोद कुमार यादव, जिला महासचिव अब्दुल मन्नान वारिस, बरही विधानसभा के कांग्रेस युवा अध्यक्ष मनोहर यादव, मल. कोको पंचायत के प्रधान प्रतिनिधि विजय कुमार यादव, कांग्रेस बरही विधानसभा के सहकारिता विभाग सचिव प्रयाग प्रसाद, पूर्व मुखिया इंदो महतो, प्रकाश यादव, जगद. ीश महतो,शिव शंकर प्रसाद, अशोक शर्मा, धनवार पंचायत के मुखिया प्रधान बासुदेव यादव ,राजु कुमार, दीनानाथ प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद, सुनील कुमार एवं गांव के सभी लोग मौजूद थे।

## चलकुशा में सलीम अंसारी के नेतृत्व में जेएमएम को मिल रहा है मजबूती



कार्यक्रम के दौरान सलीम अंसारी व अन्य

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**

चलकुशा : प्रखंड में जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष सलीम अंसारी के नेतृत्व में सेकुलर जनसत्ता पार्टी छोड़ कर जेएमएम में नारायण दास ने अपने दर्जनों समर्थक के साथ जेएमएम का दामन थामा। जेएमएम जिला अध्यक्ष शंभू लाल यादव ने सभी लोगों को माला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। शामिल होने वालों में बाबू लाल यादव, विकास सिंह, बाबूलाल राणा, विक्रम दास ,वीरेंद्र पासवान ,कृष्णा दास, गणेश मांझी, नेहल मांझी ,मुस्तफा अंसारी, सुरेश कुमार ,गुलाबचंद दास ,सबा अहमद ,श्यामसुंदर ठाकुर इत्यादि लोग शामिल हुए।

## लस्करी में नाली का निर्माण नही होने से जन - प्रतिनिधियों के खिलाफ ग्रामीणों में नाराजगी

**अपेम लाइव : बरही**




सडक पर पसरा पानी को दिखाता युवक

बरही प्रखंड अंतर्गत रसोइया धमना पंचायत के लस्करी में पिछले कई वर्षो से नाली का निर्माण नही हो पाया है। नाली नही होने के कारण ग्रामीणों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के खिलाफ काफी नाराजगी है। आस पास के ग्रामीणों ने कहा कि पिछले दो तीन सालों में विधायक हमारे गांव कई बार आ चुके है। साथ ही उन्होंने नाली बनवाने का आश्वासन भी दिया लेकिन अभी तक नाली का निर्माण नही हो पाया है। जिससे लोगो में विधायक एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के खिलाफ काफी नाराजगी है। ग्रामीणों ने कहा कि जब चुनाव का समय आता है तब सभी वोट मांगने चले आते है। लेकिन चुनाव के बाद कभी देखने तक नही आते है। मोके पर राजा अंसारी,सनी कुमार, विक्रम कुमार, सागिर अंसारी, गोलु कुमार, दीपक कुमार एवं बारीक अंसारी मौजूद थे।

## बैंक रहे बन्द,ग्राहकों को हुई परेशानी

**अपेम लाइव : बरकठ्ठा**
**सुनील कुमार**




बरकट्ठा : केंद्र सरकार के द्वारा बैंकों के निजीकरण के विरोध में देशभर के बैंक यूनियनों के आह्वान पर दो दिवसीय बैंकों का हड़ताल रहा बरकट्ठा व चलकुशा प्रखण्ड क्षेत्र के सभी बैंक 16-17 को बंद रहेंगे सभी कर्मचारी दो दिनों की हड़ताल पर चल गये हैं। प्रखण्ड में भी इसका असर देखा गया। प्रखण्ड अंतर्गत बैंक ऑफ इंडिया बरकट्ठा ,बैंक ऑफ इंडिया चलकुशा , एसबीआई घँग़री, ग्रामीण बैंक बरकट्ठा ग्रामीण बैंक तुर्कबाद में गुरुवार से ताले लटके रहे। जिससे ग्राहक न तो अपने पैसे की निकासी कर सके न ही जमा। कई दूर दराज के ग्राहको जानकारी के अभाव में बैंक पहुंचने के बाद ताला लटका मिला। जिससे ग्राहकों को काफी परेशानी हुई। बिना कोई जमा निक. ासी करवाये ही वापस लौटना पड़ा। बैंक प्रबंधक मनीष कुमार ने बताया कि सरकारी बैंकों के निजी हा. थों में के विरोध में यूनाइ. टेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के आह्वान पर 17 दिसम्बर तक बैंक के सभी कर्मी हड़ताल पर हैं।

APEM LIVE

डेस्क प्रभारी: बिरेन्द्र कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

# बरही पश्चिमी जिला परिषद के शिक्षित,योग्य, कर्मठ, अनुभवी एवं गरीबो का मसीहा, भावी उम्मीदवार श्रीमती कुंती देवी (शिक्षिका) का संकल्प,

---

## बरही पश्चिमी जिला परिषद क्षेत्र को आदर्श जिला परिषद बनाना है।

**शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई व स्वरोजगार पर जोर, बरही चौक का सुंदरीकरण हमारी प्राथमिकता**



श्रीमती कुंती देवी
भावी जिला परिषद प्रत्याशी
बरही पश्चिमी भाग

### हमारा विजन, सोच एवं हमारा लक्ष्य

1. बरही के प्रवासी मजदूरों के लिए बरही क्षेत्र में ही स्वरोजगार की व्यवस्था करना।
2. स्वयं सहायता समूह को बढावा देकर महिलाओं को स्वरोजगार से जोडना एवं महिला सशक्तिकरण पर जोर।
3. छात्र युवाओं के लिए तकनीकी शिक्षा की व्यवस्था कर स्वरोगार की व्यवस्था करना।
4. लघु एवं कुटीर उद्योग को बढावा देना।
5. बरही में पॉलटेक्निक कॉलेज एवं महिला कॉलेज की स्थापना।
6. बुजुर्गो एवं विधवा महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर वृद्धावस्था, समाजिक सुरक्षा पेंशन उपलब्ध कराना
7. गरीब असहाय बुजुर्गो के लिए आवासीय आश्रम की व्यवस्था सरकारी सहयोग से करना ।
8. खेल एवं खिलाडियों के विकास के लिए खेल सामग्री एवं बरही में संसाधन युक्त एक खेल स्टेडियम का निर्माण करवाना
9. रियाडा प्रक्षेत्र में स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना
10. बरही के जलाशयों से सिंचाई की व्यवस्था कराने पर रहेगा जोर



तापेश्वर प्रसाद
समाजसेवी ,
बरही पश्चिमी भाग

**वायदे ही नही इरादे भी, नई सोच के साथ बरही का विकास भी, आइए हम सब मिलकर बरही के विकास के लिए श्रीमती कुंती देवी को साथ दें ।**

निवेदक: बरही पश्चिमी जिप क्षेत्र की जनता

डेस्क प्रभारी: बिरेन्द्र कुमार    सहयोगी: सोनू पंडित,    एडिटिंग- धनंजय कुमार    मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमा

दिनांक: 16-12-2021

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर









# कोनरा पंचायत के भावी मुखिया उम्मीदवार सैरा खातून का संकल्प : कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना ।



सैरा खातुन, कोनरा मुखिया प्रत्याशी

सैरा खातुन को समर्थन कर उनके हाथों को करें मजबूत, शुभ दीपावली



रामदेव साव   सुभाष पासवान   मंटु सिंह



कुनाल कतरियार   बिनोद कुमार   टुन्नू केशरी

## हमारा संकल्प, वायदे ही नही इरादे भी,

1. कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना
2. कोनरा पंचायत के गरीब बच्चियों की शादी विवाह के लिए फंड की व्यवस्था करना,
3. रियाडा में विस्थापित रैयतो को प्राथमिकता के साथ रोजगार दिलाना
4. गरीब मेधावी बच्चों एवं बच्चियों की निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था करना,
5. कोनरा पंचायत में सभी धर्म, जाति संप्रदाय के बीच आपसी भाईचारगी कायम रखना,
6. गरीब, विधवा, बुजुर्ग को पेंशन दिलाना
7. जरूरतमंद गरीब को राशन कार्ड उपलब्ध कराना
8. बिना किसी भेदभाव के सभी के विकास के लिए काम करना




डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार   सहयोगीः सोनू पंडित,   एडिटिंग- धनंजय कुमार   मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## गिरिडीह में सात माह बाद जेल से रिहा होकर घर लौट रहे दो लोगों की सड़क हादसे में मौत

**अपेम लाइव : गिरिडीह**
**रोहित कुमार**



रोते बिलखते परिजन

सात माह बाद गिरिडीह जेल से छूट कर घर लौट रहे दो लोगों की घर पहुंचने से पहले सड़क दुर्घटना में मौत गई. घटना बुधवार की दोपहर गिरिडीह–डुमरी रोड पर पीरटांड़ थाना के कुम्हारलालों और नारायणपुर गांव के समीप हुई. दोनों बाइक से घर लौट रहे थे.। बताया गया है कि कंटेनर ने बाइक को टक्कर मार दी. मौके पर ही दोनों की मौत हो गई. मृतकों में निमियाघाट थाना क्षेत्र के रोशनसिंहा गांव निवासी (45) सुरेश साहू और मंगल महतो (55) शामिल हैं. बताया गया है कि इनका तीसरा साथी रेवत महतो भी इन्हीं के साथ जेल से रिहा हुआ था. ये भी इन्हीं के साथ दूसरी बाइक से साथ ही थे। दुर्घटना के साथ ही रेवत ने शोर मचाया. मौके पर जुटे स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी. पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव को अस्पताल भिजवाया है। तीनों को निमियाघाट के एक सां. प्रदायिक दंगा के केस में सजा की हुई थी।

## हेमंत सरकार की वादाखिलाफी के खिलाफ पुलिसकर्मियों का प्रदर्शन

**अपेम लाइव : गिरिडीह**
**रोहित कुमार**



प्रदर्शन में शामिल पुलिसकर्मी

हेमंत सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाकर पुलिसकर्मी प्रदर्शन की राह पर है. बुधवार को ही गिरिडीह में पुलिसकर्मीयों ने मांगों के समर्थन का बैच लगाकर काम किया. सभी बैच लगाकर ड्यूटी करते नजर आये. पुलिस के जवानों ने पुरानी पेंशन नीति को बहाल करो स्लोगन लिखा बैज लगाकर काम किया. पुलिसकर्मियों के समर्थन करने ही प्रांतीय उप महासचिव सुखदेव शर्मा और पुलिस मेंस एसोसिएशन के गिरिडीह अध्यक्ष कुंदन लाल पाहन भी जवानों के साथ उतरे. प्रांतीय उप महासचिव और अध्यक्ष ने कहा कि हर सरकारी कर्मियों के वृद्धावस्था का सहारा मिलना चाहिए. हेमंत सोरेन ने पुरानी पेंशन नीति बाहल करने का वादा किया था, लेकिन सरकार अब वादे से मुकर रही है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार वादों को पूरा नहीं करती तो हम आंदोलन के लिए मजबूर होंगे । इधर जवानों के समर्थन में मेंस एसोसिएशन के संजीव कुमार उपाध्याय, सुरेन्द्र कुमार, वीरेन्द्र कुमार, मुमताज अंसारी और अवधेश मेहता समेत कई शामिल थे ।

## बिरनी के चिरुडीह में माले पार्टी द्वारा ग्राम सभा सम्पन्न

**अपेम लाइव : बिरनी/गिरिडीह**
**सब्बा अहमद**



कार्यक्रम में शामिल लोग

बिरनी प्रखंड अंतर्गत बलगो पंचायत के चिरुडीह में माले पार्टी द्वारा ग्राम सभा बैठक सम्पन्न हुआ।इस बैठक का अध्यक्षता माले नेता मुस. तकीम अन्सारी कर रहे थे। वही मुस्तकीम अन्सारी ने लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि जो झारखण्ड सरकार द्वारा चलायेंगे आपका अधिकार,आपकी सरकार, आपके द्वारा का हर बिरनी प्रखंड के हर पंचायत में सिलसिला जारी है।वही बलगो पंचायत में 24 दि. सम्बर को सरकार आपके द्वार का आयोजन किया जाएगा। जिसमें बिरनी प्रखंड के सभी अधिकारी उपस्थित रहेंगे। और जनसमस्याओं के लिए आवेदन लिया जाएगा। वही साथ मे कहा कि पंचायत चुनाव करने से झारखंड सरकार डर रहे हैं। क्योंकि सरकार दो साल में कुछ विकास नहीं किया है। वही उपस्थित रहे बलगो मुखिया जानकी रजक,वा. शिम अन्सारी, इंद्रदेव नारयण सिंह,ताजुद्दीन, कमरुद्दीन, सद्दाम, आरती देवी, इमामन, दर्जनों की संख्या में महिला पुरुष उप. स्थित रहे।




## जमरी पंचायत में आपके अधिकार,आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में उमड़ी भीड़

### दर्जनों बृद्ध व बेसहारा जरूरत मन्दो को मिल कम्बल

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**



कार्यक्रम में शामिल लोग

कन्हाचट्टी प्रखंड के जमरी बक्सपुरा व कछपुरा पंचायत भवन के समीप मैदान में गुरुवार को आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो एवं संचालन मनरेगा के बीपीओ निरंजन सिंह ने किया कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख अरुणा देवी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जी प्रतिनिधि अरुण सिंह शामिल हुए कार्यक्रम की शुरुआत सभी आगंतुकों ने दीप प्रज्वलित कर किया वही मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि तथा बी डि ओ को मुखिया एवं पंचायत समिति सदस्य ने बुके देकर स्वागत किया।शिविर में कुल अठ्ठारह विभागों के स्टॉल लगाया गया था।सबसे ज्यादा मनरेगा,पेंशन एवं आवास से सम्बंधित आवेदन आए।बी डी ओ हुलास महतो ने कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश है कि आम लोगो तक सरकार के द्वारा किए जा रहे विकास कार्य को आम लोगो तक पहुंच रहा है की नहीं ।लोगो को सरकार द्वारा चलाए जा रहे कल्याणकारी योजना की जानकारी देना।उन्होंने कहा कि गरीबो को कम्बल का वितरण किया जा रहा है जो सबसे बेहतर योजना है। आम लोगो तक कम्बल मिल जा रहा है।वही प्रमुख रुणा देवी ने कही की सरकार जन जन तक कल्याणकारी योजना दे रही है और वह गरीबो तक पहुंच रहा है।वही शि. विर में राशन कार्ड से भी सम्बंधित सैकड़ो मामले आए।एम ओ शमीम अहमद ने कहा कि मेरे ल०गिन से जितना भी आवेदन आ रहा है जांच कर छोड़ा जा रहा है।वहीँ शिविर में लगभग दो सौ लोगो को वैक्सिनेशन भी किया गया।शिविर में बड़ा बाबु जय प्रकाश शर्मा, मुखिया रजावन्ति देवी, समिती सदस्य सरयु प्रजा. पत्ति, जेई प्रकाश कुमार, नीतीश कुमार, शिव कुमार, रोजगार सेवक गोदावरी, सहित प्रखण्ड के सभी कर्मी थे।

## बौधा डैम का सुंदरीकरण और नहर का कायाकल्प करने की कवायद शुरू

### टाटीझरिया प्रखंड का मुख्य पर्यटन स्थल बौधा डैम के कायाकल्प में खर्च होना है 40 करोड रूपये

**अपेम लाइव : टाटीझरियां**
**राजू यादव**



डहरभां का बौधा डैम

टाटीझरिया प्रखंड मुख्यालय से 4 किमी की दूरी पर अवस्थित डहरभंगा का बौधा डैम के कायाकल्प करने की कवायद शुरू हो गई है। जानकारी के अनुसार विभाग के द्वारा इसके कायाकल्प में लगभग 40 करोड रूपये की लागत खर्च होनी है। इसमें बौधा डैम का गहरीकरण, सुंदरीकरण, लिकेज फाटक को ठीक कर नया फाटक का निर्माण और 7 किलोमीटर नहर परियोजना पर निर्माण कार्य किया जाना है। स्थानीय ग्रामीण और जनप्रतिनिधियों ने डैम के कायाकल्प को लेकर कई बार अपनी मांग रखी है। इसी का परिणाम है कि सिंचाई विभाग के टीम के द्वारा कुछ दिन पहले बौधा डैम का सर्वे किया गया है। जिसमें इसकी सुंद. रीकरण की बात सामने आई। बता दें कि बौधा डैम परिसर में पिकनिक मनाने और इसकी सुंदर वादियों में घूमने के लिए हजारों की संख्या में लोग हर वर्ष पहुंचते हैं। बौधा डैम की प्राकृतिक सौंदर्य से लबरेज मनमोहक छटा लोगों को बरबस अपनी ओर आकर्षित करती है। यहां आने वाले पर्यटक 15 एकड में फैले खू. बसूरत डैम की छवि को निहारने के साथ–साथ यहां की मनोरम वादियों में एकदम से खो जाते हैं। वैसे तो डैम की खूबसूरत वादियों का सैर सपाट करनेवाले सैलानियों के आने जाने का क्रम सालों भर लगा रहता है। लेकिन दिसंबर–जनवरी के ठंड के दिनों में इसका मजा ही कुछ और है। हर वर्ष हजारों की संख्या में जुट्ते हैं पर्यटक, विभाग द्वारा इसे विकसित करने की पहल से लोग खुश बौधा डैम पिकनिक स्प०ट के रूप में सैलानियों से गुलजार होता है। डैम में विभिन्न प्रकार के प्रवासी विदेशी पंक्षियों की अठ्खेलियां लोगों के कदम ठिठकने के लिए मजबूर कर देते हैं। हर साल यहां प्रवासी पंक्षिया ठंड के दिनों में पहुंचती है और गर्मी शुरू होते ही प्रवास कर जाती है। डैम के किनारे चंहुओर बेशुमार पेड़–पौधें की नयनाभिराम वादियां और उनके सीने को चीरकर अठ्खेलियां कर गुजरता पानी यहां की मनोरम वादियों में चार चांद लगा देती है। मत्स्य विभाग के द्वारा डैम में केज भी लगाया गया है। कई स्थानीय खोरठा, नाग. पुरी गीतों के दृश्यों को यहां शूटिंग किया गया है। बौधा डैम का निर्माण 1975–80 में हुआ था। डैम से निकली नहर और अरघवा नदी जंगलों से होते हुए कई छोटे–छोटे गांवों तक पहुंचती है। इस डैम से क्षेत्र में पटवन का कार्य होता है। डैम के कारण टाटीझरिया के बौधा, केसडा, घुघुलिया, डहरभंगा के खेत हमेशा हरियाली से लहलहाते रहते हैं। इसके विकसित किये जाने की पहल को लेकर लोग काफी खुश हैं। इससे यहां निश्चित ही सैलानियों की संख्या में इजाफा होगा और लोगों को रोजगार भी मिलेगा।

## बिजली बिल सूद माफी योजना की अवधि बढ़ी 31 दिसंबर तक हुआ निर्धारित

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**

बिजली उपभोक्ताओं के लिए झारखंड सरकार ने बिजली बिल सूद योजना अंतिम तारीख 15 दिसंबर को बढ़ाते हुए एक बार फिर 15 दिनों की मोहलत दी है । उक्त आशय की जानकारी कनीय अभियंता सत्य देव कुमार के द्वारा दी गई है। उन्होंने कहा कि बिजली उपभोक्ताओं के लिए सरकार ने एक बार फिर अवसर प्रदान किया है ताकि अधिक से अधिक लोग बिजली बिल सूद माफी योजना का लाभ उठा सकें । यह योजना 15 दिसंबर से बढ़ाकर अब 31 दिसंबर तक निर्धारित कर दिया गया है।

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

## कर्णपुरा महाविद्यालय बड़कागांव में विशेष शिविर लगातार दूसरे दिन संपन्न

**अपेम लाइव : बड़कागांव**

**अमित मालाकार**

कर्णपुरा महाविद्यालय बड़कागांव के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का विशेष शि. विर के दूसरे दिन का शुभा. रंभ लक्ष्य गीत गाकर तथा मुख्य अतिथि के द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में विनोबा भावे विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ जानी रुकना तिर्की उपस्थित हुई। इन्होंने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना से नारी शिक्षा, नशा उन्मूलन आदि से जागरूक करना है जिसमें स्वयं को भी जागरूक करना है और समाज के अन्य व्यक्तियों को भी जागरूक करना है।महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य कीर्तिनाथ महतो ने कहा कि समाज में व्याप्त




शिविर में उपस्थित लोग

त्रुटियों एवं बुराइयों को समाप्त करने के लिए नवयुवकों की भागीदारी सर्वोपरि है। मंच का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर सुरेश महतो तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर ऋतुराज दास के द्वारा किया गया। इस शिविर में पूर्व प्राचार्य प्रो. ज्योति जलधर, प्रो. अनु कुमारी ,प्रो. पवन कुमार,प्रो. ललिता कुमारी, श्री कांत नि. राला जी, अमन हेंब्रम, अभिषेक रंजन, सुजीत हाजरा एवं दर्जनों स्वयंसेवक गौतम,दिवाकर ,दुर्गेश, सोनू, दीपिका, अफसाना, कांति, प्रीति, सुषमा, ललिता, सुमन, सिमा, सफ़ीना, श्रेया, मनीषा, सुगंती, अंजू, प्रियंका, अंजलि, ऊषा, खुशबू, गुनगुन, नीतू आदि उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्राकृतिक खेती जीरो बजट फार्मिंग का सीधा प्रसारण लोगों ने देखा

**अपेम लाइव : बड़कागांव**

**अमित मालाकार**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का प्राकृतिक खेती जीरो बजट फार्मिंग पर ग्राम कांडतरी गांव में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के पूर्वी तथा पश्चिमी मंडल के नेतृत्व में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किसानों के बीच मैं स्क्रीन संबोधन सुना गया। जिसका नेतृत्व किसान मोर्चा जिला महामंत्री बैजनाथ कुमार साव के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू , जिला कार्यक्रम प्रभारी अजय मुंडा , रामगढ़ किसान मोर्चा जिला प्रभारी राजू साव, भोला साहू,



कार्यक्रम में शामिल लोग

पलामू प्रभारी भूपेंद्र मिश्रा , प्रदेश कार्यालय मंत्री सुरेंद्र मंडल ,पशुपालन संवर्धन सफदर अली , किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष रामचंद्र महतो एवं त्रिवेणी मेहता, मनीष पांडे, इन्द्रभुषन कुमार, खेमलाल महतो , राजेंद्र गुप्ता शिबू मेहता, बेचन साव, उदय मेहता, राम स्वरूप महतो,रवि दांगी, जयकरण साव, प्रदीप कुमार दांगी, प्यारी महतो, नागेश्वर महतो, चित्र दयाल महतो, इंद्र नाथ महतो, घनेश्वर महतो, ईश्वर दयाल महतो, संदीप कुमार , धीरेंद्र कुमार सुधांशु, विकास राम, सुनील कुमार, रोहन कुमार के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

## खलिहान में लगी आग, हजारों के पुआल धू-धू कर जली

**अपेम लाइव : बड़कागांव**

**अमित मालाकार**

बड़कागांव प्रखंड के सिंदवारी गांव में मोहम्मद यूनुस अंसारी एवं मोगाली राम के खलिहान में बृहस्पतिवार को आग लग गई। आग लगने से खलिहान में रखे हजारों रुपए मूल्य के पुआल जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने अनुमान लगाया है कि किसी शरारती तत्व ने खलिहान में आग लगा दी होगी। ग्रामीणों ने जब खलिहान में आग देखा तो ग्रामीण उसे बुझाने में लग गए, पर काफी प्रयास के बाद भी ग्रामीण आग नहीं बुझा पाए। अगलगी से पुआल पूरी तरह से जलकर



खाक हो गया। पीड़ित किसानों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है पीड़ित किसानों का कहना है कि इसी पुआल से साल भर हमारे घर के जानवर खाया करते हैं पुआल के जल जाने से जानवरों के लिए चारा का चिंता सता रही है।

## मुखिया प्रतिनिधि ने नापोखुर्द में कृतिका इंटरप्राइजेज दुकान का उद्घाटन

**अपेम लाइव : बड़कागांव**

**अमित मालाकार**

मुखिया प्रतिनिधि चन्द्रिका साव द्वारा नापो पंचायत में कृतिका इंटरप्राइजेज का उद्घाटन किया गया। इस दुकान के प्रोपराइटर उपेंद्र कुमार का लक्ष्य है उत्तम कोटि के सामान उचित मूल्य में उपलब्ध करवाना। यहाँ पर बिजली एवम पानी वायरिंग से संबंधित सभी प्रकार के सामाग्री उपलब्ध हमेशा लोगों के सेवा में रहेगी। जिस सामान के लिए लोग बड़कागाँव एवम अन्य दूर शहरों की ओर जाते थे वह समान यहां



उद्घाटन करते चंद्रिका साहू

पर उचित दर पर दिया जाएगा। इस मौके पर मुकेश कु साव, लक्की, कौशल साव, नरेश राणा, द्वारिका साव, मुकेश ठाकुर, संजय कु ठाकुर, गोलू, प्रमोद कु साव, रा. जेश साव, पिंटू कुमार, दीपक कुमार, बीरेंद्र राम समेत दर्जनों लोग उप. स्थित थे।

## तुलबुल आजीविका महिला संकुल संगठन का वार्षिक आम सभा का किया गया आयोजन

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**

**प्रमोद सिंह**

प्रखंड में महिलाओं को सशक्त एवं जागरूक तथा आत्मनिर्भर करने में अहम भूमिका निभाने वाली संस्था संचालित जे एस एल पी एस के द्वारा पूरे एक वर्ष की लेखा जोखा दिनांक 16/12/2021दिन गुरुवार को तुलबुल आजीविका महिला संकुल संगठन का आयोजन सरैया स्कूल कलस्टर के प्रांगण में किया गया।इस दौरान सी एल एफ लेखा पाल के द्वारा इस वर्ष का लेखा जोखा पढ़ कर सुनाया गया।उक्त सभी लेखा जोखा सुनकर आए हुए उच्च पदाधिकारी संतुष्ट हुए।और बेहतर कार्य करने के लिए



कार्यक्रम में शामिल लोग

महिलाओं को पुरस्कार देकर सम्मानित करते हुए मनोबल को बढ़ावा दिए।इस दौरान मौके पर बी पी एम अविनाश कुमार, सी सी उमेश बांडो, बिनोद उराव,आई पी आर पी अकबर शेख,राजद प्रखंड अध्यक्ष सह भावी जिला परिषद उम्मीदवार श्री रामेश्वर यादव, शिक्षक महावीर मंडल तथा संकड़ों महिला सहित उपस्थित हुए।

## चतरा पुलिस ने अफीम माफियाओं के खिलाफ की बड़ी कार्रवाई

### अलग अलग थाना क्षेत्रों से आधा दर्जन अफीम तस्करों को किया गिरफ्तार

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**

**प्रमोद सिंह**

चतरा में सक्रिय अफीम तस्करों के विरुद्ध पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर अफीम खरीद-बिक्री और तस्करी के फिराक में जुटे 6 तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। छह में से दो तस्करों की गिरफ्तारी सदर थाना क्षेत्र से हुई है। जबकि प्रताप. पुर थाना क्षेत्र से दो और नक्सल प्रभावित कुंदा थाना क्षेत्र के अलग-अलग इलाकों से दो तस्कर पकड़े गए हैं। एसडीपीओ अविनाश कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक को लगातार सूचना मिल रही थी कि पूर्व से एनडीपीएस एक्ट के फरार अभियुक्त



तस्करों के साथ पुलिसकर्मी

फिर से अफीम की खरीद बिक्री और तस्करी के फिराक में जुटे हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित थाना प्रभारियों को विशेष टीम बनाकर अभियान चलाने का निर्देश दिया गया था। अभियान के दौरान ही सभी 6 तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। एसडीपीओ ने बताया कि अफीम तस्करी के काले खेल में फंसकर अपना भविष्य तबाह करने वाले युवाओं को लगातार उससे होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक करते हुए प्रभावित इलाकों में भी लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। बावजूद तस्कर अपनी आदतों से बाज नहीं आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि तस्करों के विरुद्ध पु. लिसिया अभियान निरंतर जारी रहेगा। किसी भी परिस्थिति में तस्करों को चतरा में पांव पसारने की इजाजत नहीं दी जाएगी।




APEM LIVE